कार्यालय निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

कार्यालय का पता – कार्यालय निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा वेटनेरी कॉलेज के पास, बीकानेर
दूरभाष–151–2226551 ई–मेल–aayukt.ele@gmail.com

क्रमांक : शिविरा / प्रारं / खेकू / स्वाशि / रा.प्रति / 8216 / एथेलेटिक्स / 2019–20 / 09 दिनांक : 15.11.19

संयुक्त निदेशक,
स्कूल शिक्षा
समस्त

अति–आवश्यक /आज ही

विषयः– 65वीं राष्ट्रीय स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता आयु वर्ग 14 वर्ष छात्र–छात्रा सत्र 2019–20 प्रशिक्षण शिविर के प्रस्ताव भिजवाने के संबंध में।

प्रसंग :– इस कार्यालय का पत्रांक शिविरा / प्रारं / खेकू / स्वाशि / राष्ट्रीय प्रति / विविध / 2019–20 / 102 दिनांक 06.09.2019

उपरोक्त विषयान्तर्गत कार्यालय के प्रासंगिक पत्र के द्वारा 65वीं राष्ट्रीय स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता आयु वर्ग 14 वर्ष छात्र–छात्रा सत्र 2019–20 प्रशिक्षण शिविर लगाये जाने के प्रस्ताव भिजवाने बाबत जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्यालय, प्रारम्भिक शिक्षा से शिविर लगाने के इच्छुक विद्यालयों के प्रस्ताव अभिशंषा सहित चाहे गये थे। परन्तु विभाग के अतिमहत्वपूर्ण समयबद्ध क्रियाकलाप एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के समयबद्ध कार्यक्रम की जानकारी होने के बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्यालय प्रारम्भिक शिक्षा समस्त द्वारा निम्नांकित खेल गतिविधियों के राष्ट्रीय स्तर पर राज्य दल गठन बाबत शिविर आयोजन के प्रस्ताव निदेशालय को प्रेषित नहीं करवाना विभागीय कार्यों के प्रति अरूचि एवं उदासीनता को परीलक्षित करता है। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने अधीनस्थ समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्यालय, प्रारम्भिक शिक्षा से निम्नांकित खेलों के प्रशिक्षण शिविर आयोजन बाबत इच्छुक विद्यालयों से प्रस्ताव आज ही प्राप्त कर अपनी अभिशंषा सहित भिजवावें :

क्र. सं.	खेल का नाम	सम्भावित आयोजन स्थल	चयन प्रशिक्षण हेतु उपस्थित होने वाले खिलाड़ियों की संख्या	प्रशिक्षण हेतु खिलाड़ियों की संख्या
1.	हॉकी (छात्र–छात्रा)	VANAPATRI/MAHBUBNAGAR TELANGANA	50	32
2.	टेबल टेनिस (छात्र–छात्रा)	VADODARA, GUJRAT (SGFI PPT MODEL)	16	10
3.	वॉलीबॉल (छात्र–छात्रा)	NELLORE, NDHRAPRADESH	40	24
4.	जूडो (छात्र–छात्रा)	IBSO, PUNE, MAHARASTRA	28	14
5.	खो–खो (छात्र–छात्रा)	AMRAVATI, MAHARASTRA	40	24
6.	बैडमिन्टन (छात्र–छात्रा)	I.B.S.O., NOIDA (U.P.)	16	10
7.	क्रिकेट (छात्र)	AGRA, UTTARPRADESH	25	16
8.	बास्केटबॉल (छात्र–छात्रा)	CBSEWSO, T.B.C.	40	24
9.	एथलेटिक्स (छात्र) (छात्रा)	SANGRUR PUNJAB	27 27	10 10
10.	लॉन टेनिस (छात्र–छात्रा)	C.I.S.C.E. PUNE, MAHARASTRA	16	10
11.	सॉफ्टबॉल (छात्र–छात्रा)	CBSEWSO, JODHPUR, RAJASTHAN	50	32

उक्त खेलों के सामने अंकित छात्र–छात्रा खिलाड़ी चयन प्रशिक्षण हेतु उपस्थित होंगे। इन खिलाड़ियों तथा साथ आने वाले शिक्षकों के आवास इत्यादि की व्यवस्था खेल के अनुसार मैदान व उपकरण, रेल या बस मार्ग की स्थिति स्पष्ट करते हुए तत्काल मेल आईडी **khelkood.ele@gmail.com** पर विद्यालय का नाम प्रस्तावित करें तथा संबंधित विद्यालय के संस्था प्रधान के मोबाईल नंबर भी आवश्यक रूप से भिजवावें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

उपनिदेशक(शा.शि)
प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपिः–

1. जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारं.शिक्षा समस्त को प्रतिलिपि प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि वे उक्तानुसार खेलवार राज्य दल गठन हेतु प्रशिक्षण शिविर लगाने के इच्छुक विद्यालयों के प्रस्ताव अविलम्ब तैयार कर संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा के माध्यम से स्पष्ट अभिशंषा सहित भिजवावें।

उपनिदेशक(शा.शि)
प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर